सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 127 | इंदौर, शुक्रवार 22 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामला: सुप्रीम कोर्ट ने ASI और मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी किया
2. Adani Row: अभियोजक का आरोप- गौतम अदाणी और साथियों ने की साजिश, मकसद- निवेशकों से धोखाधड़ी

# मप्र में पिछले साल से भी ठंडा नवंबर

## इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर भी ठिठुरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में नवंबर का महीना पिछले साल से भी ठंडा है। भोपाल में 10 साल में तीसरा सबसे कम टेम्प्रेचर है तो इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में पारा सामान्य (15 डिग्री) से नीचे पहुंच गया है। इकलौता हिल स्टेशन पचमढी दिन-रात में सबसे ठंडा है, जबकि 8 शहर ऐसे हैं, जहां टेम्प्रेचर 10 डिग्री से कम है। रात के साथ दिन में भी पारे में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में सर्द हवाएं आ रही हैं। जिससे पिछले एक सप्ताह से ठंड बढ गई हैं। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिनों तक और बना रहेगा। बीच में एक-दो दिन की राहत के बाद दिसंबर में कडाके की ठंड पडने लगेगी।



### सभी शहरों में 15 डिग्री के नीचे आया पारा

पिछले एक सप्ताह से प्रदेश में ठंड का असर तेज है। इस वजह से प्रदेश के सभी शहरों में रात का टेम्प्रेचर 15 डिग्री से नीचे आ गया है। बुधवार-गुरुवार की बात करें तो पचमढ़ी में 7.8 डिग्री, शाजापुर में 8.1 डिग्री, कल्याणपुर शहडोल और मंडला में 9.1 डिग्री, सीहोर, पिपरमा शिवपुरी में 9.4 डिग्री, कटनी के पिपरौंध में 9.7 डिग्री, उमरिया में 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़, नौगांव, रीवा, सतना, मलाजखंड, रायसेन और गुना में पारा 12 डिग्री से कम रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 10.2 डिग्री, इंदौर में 13.9 डिग्री, ग्वालियर में 11.1 डिग्री, उज्जैन में 11.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भोपाल में पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान रहा। यानी, यह रात तीसरी सबसे सर्द रात रही। इससे पहले 2017 में 9.6 डिग्री और 2022 में 10.2 डिग्री पारा पहुंचा था। इंदौर में 13.9 डिग्री और उज्जैन में 11.5 डिग्री रहा। दोनों ही शहरों में पिछले साल से कम तापमान दर्ज किया गया।

### भोपाल में दूसरे पखवाड़े में सर्दी का ट्रेंड, अबकी बार भी ऐसा ही

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़क रहा है और यह 11 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में इस महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

### इंदौर में ठंड का असर तेज

इंदौर में ठंड का असर रहता है। खासकर दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से गिरता है। इस वजह से रातें ठंडी हो जाती हैं और टेम्प्रेचर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। हालांकि, 25 नवंबर 1938 को पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। कभी-कभार बारिश भी हो जाती है। दिन में 31 से 33 डिग्री के बीच तापमान रहता है। अभी दिन का तापमान भी 30 डिग्री से नीचे है।

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार का आदेश पलटा

# नर्सिंग कॉलेजों को संबद्धता मेडिकल यूनिवर्सिटी ही देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/जबलपुर। 2024-25 सत्र के लिए नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता अब मेडिकल यूनिवर्सिटी, जबलपुर ही करेगी। मप्र हाई कोर्ट ने सरकार के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें नर्सिंग कोर्स का नियंत्रण क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों को सौंपने का प्रावधान था। यह फैसला लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका पर आया।**

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि स्वास्थ्य संबंधित कोर्स का संचालन क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों से नहीं किया जा सकता। क्योंकि इनके पास इस क्षेत्र की विशेषज्ञता नहीं है।

अन्य राज्यों में यह काम मेडिकल यूनिवर्सिटी करती है। हाई कोर्ट ने इस निर्णय को सही ठहराते हुए 2024-25 सत्र की संबद्धता प्रक्रिया मेडिकल यूनिवर्सिटी को सौंपने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने सत्र 2019-20 और 2020-21 के नर्सिंग कोर्सेस की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की अनुमति मेडिकल यूनिवर्सिटी को दे दी है।

इससे हजारों नर्सिंग छात्रों को राहत मिली है। इसके अलावा, 700 नर्सिंग कॉलेजों की जांच रिपोर्ट सीबीआई ने हाई कोर्ट में प्रस्तुत की। कोर्ट ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेजों में कमी पाए गई, उनकी सूची नर्सिंग काउंसिल की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाए।

# अब इंदौर का बीआरटीएस हटाया जाएगा

## मुख्यमंत्री बोले- जनप्रतिनिधियों की मांग पर ले रहे निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में दस साल पहले 300 करोड़ की लागत से बनाया गया बीआरटीएस अब हटाया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस निर्णय के पीछे जनप्रतिनिधियों की मांग को बताया जा रहा है।**

बता दें कि गुरुवार को इंदौर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल के बाद इंदौर के बीआरटीएस को हटाने का फैसला भी लिया जा रहा है। इसके लिए शहर के जनप्रतिनिधियों ने मांग की है। कोर्ट में भी सरकार की तरफ से इस संबंध में पक्ष रखा जाएगा। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने यह बात कही। इसके बाद वे एक निजी कॉलेज के समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।



### दस साल पहले बना था बीआरटीएस

इंदौर में 300 करोड़ रुपये की लागत से 11 किलोमीटर लंबा बीआरटीएस दस साल पहले शुरू हुआ था। इसकी बस लेन में 30 से ज्यादा बसें चलती हैं और 12 स्टेशन भी बनाए गए हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए जवाहर लाल शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत इंदौर को राशि मिली थी। बस के लिए विशेष लेन बनाने का कुछ लोगों ने विरोध भी किया था और मामला हाईकोर्ट में भी है। हालांकि इंदौर का बीआरटीएस काफी सफल साबित हुआ है।

### छह किलोमीटर का हिस्सा बॉटलनेक

दिल्ली, पुणे के बीआरटीएस बाद में हटा दिए गए। भोपाल में भी बीआरटीएस की बस लेन को हटाने का फैसला लिया जा चुका है। इंदौर बीआरटीएस का छह किलोमीटर का हिस्सा बॉटलनेक है। एलआईजी से व्हाइट चर्च रोड तक सड़क की चौड़ाई कम है। बीआरटीएस के कारण जंक्शन पर ब्रिज बनाने में भी परेशानी आ रही है।

## बाल विवाह रोकथाम की जागरुकता के लिये प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के तहत जिले में बाल विवाह रोकथाम की जागरुकता के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न समाजों के मुखिया, धर्मगुरु, विवाह समारोह के सर्विस प्रदाता आदि शामिल हुए। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधौलिया, सहायक संचालक श्री जय श्रीवास्तव, संस्कृत महाविद्यालय के डॉ. विनायक पाण्डेय, शहर काजी डॉ. मोहम्मद इशरत अली, सिख समाज के धर्मगुरु श्री सुरजीत सिंह, फादर मार्टिन कुजुर रेडचर्च, बाल विवाह रोकथाम समिति के सदस्यगण आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभिन्न धर्मगुरुओं द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल विवाह न किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ की बुकलेट एवं पम्पलेट प्रदान किये गये।

**संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में बैठक आयोजित हुई**

## कान्ह और सरस्वती रिवर फ्रंट साइड डेव्हलपमेंट के संबंध में हुई चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में किये जाने वाले कार्यों, कान्ह और सरस्वती रिवर फ्रंट साइड डेव्हलपमेंट के लिये किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईडीए सीईओ श्री रामप्रकाश अहिरवार, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्र भी वीसी से बैठक में जुडे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मेट्रोपोलिटीन सिटी के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित की जाए। विभागवार आवश्यक जानकारी एकत्र की जाए। आवश्यक जानकारी संग्रहण के लिए विभागवार एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाए। बैठक में कान्ह और सरस्वती रिवर फ्रंट साइड डेव्हलपमेंट के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने इसके लिए मॉडल विकसित करने के संबंध में विशेष प्रयास करने की बात कही।




कटाक्ष




## अब तक डेंगू के लगभग 550 मामले सामने आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर, महू और देपालपुर में डेंगू और अन्य मच्छरजनित बुखारों के बढ़ते मामलों को लेकर जो स्थिति सामने आई है, वह काफी चिंताजनक है। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक डेंगू के लगभग 550 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल पूरे वर्ष में यह संख्या 458 थी। यह आंकड़ा इस बात की ओर इशारा करता है कि इस साल डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।विभाग का दावा है कि डेंगू का सीजन अब समाप्ति की ओर है, क्योंकि अक्टूबर और नवम्बर में मामले कम हुए हैं, और नवंबर तक केवल 18 नए मरीज सामने आए हैं। हालांकि, स्थानीय नागरिकों और निजी डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। वे आरोप लगा रहे हैं कि सरकारी आंकड़े अविश्वसनीय हैं और जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उनके अनुसार, कई वार्डों और इलाकों में तो डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या हजारों तक पहुँच चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़े इस बढ़ोतरी को नकारते हैं।

## इंदौर से बैंकॉक के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने की योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर एयरपोर्ट से जल्द ही एक और इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होने की संभावना है। इंडिगो एयरलाइंस इंदौर से बैंकॉक के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने की योजना बना रही है। इंदौर से बैंकॉक फ्लाइट शुरू करने के लिए एयर इंडिया भी काफी समय से प्लानिंग कर रही है। इसके लिए एयर इंडिया कंपनी ने पिछले दिनों एयरपोर्ट अथॉरिटी को प्रस्ताव भी बनाकर दिया था। एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो ने शहर के ट्रेवल एजेंटों से चर्चा की है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में इंदौर से यह उड़ान शुरू हो सकती है।**

ट्रैवल एजेंट्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष टीके जोश ने बताया- अभी एयर इंडिया एक्सप्रेस इंदौर से सप्ताह में चार दिन शारजाह उड़ान का संचालन करती है। कंपनी दुबई के लिए भी उड़ान का संचालन करती थी। जिसे बंद कर दिया गया था। अब इस फ्लाइट को भी दोबारा शुरू करने की मांग की जा रही है। वहीं हाल ही में हमारे पास इंडिगो और एयर इंडिया के अधिकारी आए थे। उन्होंने बैंकॉक के लिए फ्लाइट शुरू करने के बारे में पूछा है। हमने कहा है कि बैंकॉक और दुबई दोनों जगह के लिए सीधी उड़ान शुरू करने पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा। एयरलाइंस कंपनियों से नई इंटरनेशनल फ्लाइट का संचालन सप्ताह में तीन या चार दिन ही करने के लिए कहा है। दोनों ही एयरलाइंस के अधिकारियों ने हमारे सुझावों के अनुसार योजना बना कर जल्द से जल्द फ्लाइट शुरू करने की बात कही है।

## शहर की सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित गौशाला के राधेश्याम शर्मा गुरुजी अध्यक्ष बने

**इंदौर।** श्री अहिल्या माता गोशाला जीव दया मंडल इंदौर की 164वीं साधारण सभा में गोशाला की कार्यकारिणी समिति के त्रैवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें राधेश्याम शर्मा गुरुजी को समिति अध्यक्ष चुना गया। वे अपनी नई कार्यकारिणी समिति के गठन के साथ गत नौ वर्षों से अध्यक्ष रहे ब्रहालीन रवि सेठी द्वारा संकल्पित गोसेवा के अधूरे कामों और आयामों को पूरा करेंगे। सभा में स्कूली बच्चों को गोशाला लाकर उन्हें काऊ टूरिज्म के तहत गाय माता के महत्व, उपयोगिता से अवगत कराने और गाय के विज्ञानी महत्व से अवगत कराने का निर्णय भी लिया गया है। नई समिति द्वारा गोशाला में गोसेवा, गोस्पर्श चिकित्सा और गो-आधारित खेती के लिए जैविक और तरल जैविक खाद आदि को बढ़ावा दिया जाएगा। गोशाला प्रबंध समिति के सीके अग्रवाल एवं गोपाल नीमा ने बताया कि साधारण सभा में पुरुषोत्तम पसारी, प्रकाश सोडानी, पुष्पेन्द्र धनोतिया, ओमप्रकाश पसारी, राजकुमार साबू सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आयशर मालिक को लगा दी चपत किराए का झांसा देकर ले गया वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आयशर मालिक को एक व्यक्ति ने चपत लगा दी। दरअसल उसने अधिक किराए का झांसा दिया और और वाहन ले गया, इसके बाद वापस ही नहीं लौटा। मामले में हीरानगर पुलिस ने केस दर्ज किया है।**

पुलिस ने पवन पिता दयाराम यादव निवासी न्यू हीरानगर की शिकायत पर आरोपी प्रवीण पिता सतीश शर्मा निवासी उत्कर्ष अपार्टमेंट मानवता नगर बिचौली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पवन ने पुलिस को बताया कि आरोपी ड्राइवर प्रवीण शर्मा ने करीब ढाई साल पहले उनसे उनकी आयशर गाड़ी रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके ली थी। हर महीने किराया देने का वादा भी था।

न किराया दिया और गाड़ी लौटाई

प्रवीण ने कुछ महीने तक तो एग्रीमेंट के मुताबिक पैसा दिया, लेकिन करीब दो साल से ना तो फोन उठा रहा है, ना ही पैसा दे रहा है और न हीं गाड़ी लौटाई है। पवन ने उसके घर जाकर जानकारी ली तो उसके माता-पिता ने कह दिया कि वह बिना बताए घर छोड़कर कहीं चला गया है। फरियादी लंबे समय से प्रकरण दर्ज करवाने के लिए परेशान हो रहा था। मामले में जांच के बाद बुधवार को केस दर्ज हुआ है।

## अश्लील इशारे करने पर चप्पलों से पिटाई

### वीडियो के आधार पर पुलिस कर रही जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देर रात युवतियों से छेड़छाड़ कर रहे युवकों की जमकर पिटाई हुई। युवतियों ने छेड़खानी कर रहे युवकों को चप्पलों से पीटा। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाया कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।**

मामला लसूडिया इलाके के स्कीम नंबर 78 का है। यहां कुछ युवतियां होस्टल जा रही थी। वहां से निकलने के दौरान कुछ लडकों ने उन पर कमेंट्स कर अश्लील इशारे किए। इसके बाद युवतियों ने छेड़छाड़ कर रहे युवकों की जमकर खबर ली। और चप्पलों से पिटाई कर दी। हंगामा काफी देर तक चलता रहा। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक रात में हंगामे की खबर आई थी। मौके पर बीट के जवान भी पहुंचे थे। थाने तक शिकायत अभी नही पहुंची। मामले में वीडियो के आधार पर जांच कर रहे है।

## नाबालिगों ने चुराए थे दानपेटी से रुपए

**इंदौर।** राऊ पुलिस ने दानपेटी से रूपए चुराने वाले तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराई गई राशि 8500 रूपए बरामद कर लिए हैं। थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि 17 नवंबर को फरियादी ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने बताया था कि सिलीकान सिटी स्थित कुंदकेश्वर मंदिर की दानपेटी टूटी हुई है। जिसमें से राशि गायब है। इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। टीआई राठौर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले गए तो तीन संदिग्ध मोटर सायकल से रैकी करते हुए दिखाई दिए साथ ही वारदात को अंजाम देकर भागते नजर आए इस पर पुलिस ने फुटेज के आधार पर कमल नगर ब्रिज के नीचे से वारदात को अंजाम देने वाले तीनों नाबालिगों को गिर तार कर उनके कब्जे से दानपेटी से चुराई गई राशि बरामद कर ली वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## दो किसानों में विवाद, कुल्हाड़ी मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खेत की मेढ़ की सफाई के दौरान दो किसानों के बीच हुए विवाद में आरोपी ने बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमलाकर घायल कर दिया। आरोपी सिमरोल पुलिस ने बताया कि विवाद और हमले की घटना ग्राम गाजिंदा में हुई। घायल किसान का नाम बहादुर पिता निहालसिंह बरड़े(74) निवासी ग्राम गाजिंदा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी रामप्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने खेत की मेढ पर कचरा साफ कर रहा था। उसी दौरान पड़ोस के खेत का मालिक रामप्रसाद आया। उसके हाथ में कुल्हाड़ी थी मैंने उसे बोला कि तुमने हमारे खेत की तरफ कांटे क्यों कर दिए इसी बात को लेकर वह मुझे गालियां देने लगा। मैंने गालियां देने से मना किया तो मुझ पर कुल्हाड़ी से पीठ में वार कर दिया। इससे पीठ में चोट लगकर खून निकलने लगा। हमला होने पर शोर मचाया तो गांव के वाकला पिता सुखलाल ने आकर बचाया। हमले के बाद आरोपी वहां से भाग गया और जाते जाते धमकाकर बोला कि आज तो बच गया। आगे से तेरे खेत में कांटे फेकने में मेरा नाम लिया तो जान से खत्म कर दूंगा।

## नाबालिग पर किया हमला, बदमाश ने चाकू से किए वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मामूली विवाद में बदमाश ने नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि श्वान को छूकर हाथ आरोपी के चेहरे पर लगा देने को आरोपी का विवाद हुआ था।**

चंदननगर पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात एक दुकान के बाहर हुई। पुलिस के अनुसार घायल का नाम अल्फेज पिता अय्यूब अब्बासी निवासी जुल्फिकार टेंट हाउस के पास केशव नगर है। घटनाक्रम के बारे में पुलिस को जानकारी मिली कि अल्फेज क्षेत्र में ही वहीद की दुकान पर काम करता है। सेठ दुकान बंद कर रहा था तब अल्फेज दुकान के बाहर खड़ा था उसी दौरान आरोपी नोमान वहां पर आया। उसने एक श्वान पर हाथ फेरा और इसके बाद वही हाथ अल्फेज के चेहरे पर लगा दिए थे। अल्फेज इससे नाराज हुआ और नोमान को डांट दिया। इसी बात पर हुए विवाद में आरोपी ने गुस्सा होकर चाकू निकाला और अल्फेज पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से अल्फेज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मंदिरों से निकलने वाले फूलों के वेस्ट से बनेगी अगरबत्ती

### छावनी परिषद ने दिल्ली से मंगवाई मशीन, कैंट बोर्ड के सभी मंदिरों में फ्री में रहेगी उपलब्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू का छावनी परिषद लगातार नए-नए प्रकार के इनोवेशन कर रहा है। अभी तक कैंट बोर्ड बिल्डिंग मटेरियल के वेस्ट से पैवर्स ब्लॉक और कचरे से खाद बना रहा था। वहीं अब कैंट बोर्ड मंदिरों से निकलने वाले फूलों के वेस्ट से अब अगरबत्ती भी बनाएगा। साथ ही इसे सभी मंदिरों में निशुल्क रूप से उपलब्ध भी कराएगा।**

कैंट बोर्ड सीईओ विकास कुमार और सेनेटरी सुप्रिटेंडेंट मनीष अग्रवाल ने बताया कि मंदिरों से निकलने वाले फूलों के वेस्ट से अब अगरबत्ती बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली से अगरबत्ती बनाने वाली मशीन बुलाई गई है। यह मशीन एक-दो दिन में आ जाएगी। इसके बाद प्लाउडन रोड स्थित प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन केंद्र पर भी अगरबत्ती बनाने वाला कक्ष बनाया जाएगा। यहां पर दो कर्मियों के माध्यम से फूलों के वेस्ट से



अगरबत्ती तैयार की जाएगी। जिससे की फूलों के वेस्ट का भी बेहतर रूप से इस्तेमाल किया जा सकेगा।

अग्रवाल ने बताया कि अगरबत्ती के साथ ही फरवरी-मार्च में इन फूलों के वेस्ट से छावनी परिषद हर्बल गुलाल का निर्माण भी करेगा। इस हर्बल गुलाल को बाजार में भी बेचा जाएगा। जिससे कैंट बोर्ड को राजस्व भी मिलेगा। इसके लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। मशीन के आते ही सबसे पहले अगरबत्ती बनाने के कार्य की शुरूआत होगी।

### ई-रिक्शा से प्रतिदिन मंदिरों से कलेक्ट होगा

शहर के प्रमुख मंदिरों के फूलों का सर्वे कराया जा रहा है। इसमें उन मंदिरों को चिन्हित किया गया है जहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में फूलों का वेस्ट आता है। इन सभी मंदिरों में प्रतिदिन सुबह और शाम, जो भी समय निर्धारित होगा, उस वक्त ई-रिक्शा भेजा जाएगा। यह ई-रिक्शा मंदिरों से फूलों के वेस्ट को एकत्रित करेगा। इसके बाद इसे केंद्र पर लाया जाएगा। जहां पर अगरबत्ती का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद इसी रिक्शा के माध्यम से अगरबत्ती को मंदिरों में भिजवा दिया जाएगा।

## बहू के भाइयों ने किया ससुर पर किया हमला

**इंदौर।** एक बुजुर्ग पर उसकी बहू के भाइयों ने हमला कर घायल कर दिया। बहू को उसने डांट दिया था। इससे आरोपी नाराज हो गए और पाइप से हमला कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक संतोष पिता बलराम ठाकुर की शिकायत पर दीपक और राजू निवासी भगतसिंह नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संतोष ने अपनी बहू सोनू को घर में अच्छी सफाई न करने की बात को लेकर डांट दिया था। इस पर बहू ने घर के सामने ही रहने वाले अपने भाई दीपक और राजू को बुला लिया। दोनों वहां आए और संतोष से विवाद कर गालियां दी। संतोष ने विरोध किया तो आरोपियों ने पाइप से मारपीट कर दी। पड़ोसियों ने उसकी जान बचाई।

## सटोरिए और नशेड़ी धराए

**इंदौर।** पुलिस ने अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सटोरियों और नशेडियों की धरपकड़ की। बाणगंगा पुलिस ने वृंदावन कालोनी में सट्टा खाते आरोपी रवि पिता अनिल यादव और मुकेश पिता बाबूलाल कुशवाह को पकड़ा। इसी प्रकार थाना लसूड़िया पुलिस ने आरोपी विशाल सेन और यशवंत राठौर को पकड़ा। इन पर सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गांधी नगर इलाके में पुलिस सुपर कारिडोर चौराहे के पास गांजा पीते पांच नशेड़ियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के नाम रवि पिता विजयशंकर,मनोज पिता बाबूलाल सिसोदिया, धर्मेंद्र पिता रमेश चंद्र वर्मा और दो अन्य हैं। इनके पास से नशे की पुडिया भी बरामद की गई।

## दो किशोरियां लापता

इंदौर। अलग-अलग स्थानों से किशोरियां लापता हो गई। पुलिस के मुताबिक सिलिकान सिटी में रहने वाली किशोरी परिजन को नौकरी पर जाने का कह कर गई थी जो लापता हो गई। उधर नेहरू नगर में रहने वाली एक किशोरी भी लापता हो गई। वह परिजन को सहेली के घर जाने का बोलकर निकली थी। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## बेटी से छेड़छाड़ पिता को धमकाया

इंदौर। एक मनचले ने युवती से छेड़छाड़ की और जब इसकी शिकायत पुलिस को की तो उसके पिता को घर में घुसकर धमकाया। खजराना पुलिस ने बताया आरोपी का नाम शाकिब निवासी नुसरत नगर देवास है। उसके खिलाफ खजराना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने गवाह को धमकाने और घर में घुसकर मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीडित ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी के साथ आरोपी शाकीब ने छेड़छाड़ की थी, इस बात की रिपोर्ट खजराना थाने पर पहले दर्ज हुई थी। कल आरोपी उनके घर आ गया और दबाव बनाने लगा की रिपोर्ट वापस लो। उन्होंने इनकार किया तो आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

## रंजिश में चाकूबाजी

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में आपसी पुराने विवाद में आरोपी ने युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम कैलाश पिता अनिल परमार निवासी विदुर नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अशोक पिता शंकरलाल चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपी ने रंजिश के चलते चाकू मारा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## बाइक में लगा दी आग

इंदौर। राजीव आवास विहार कालोनी में अज्ञात आरोपी ने घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक योगेश पिता शिवनारायण त्रिवेदी ने आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आग में बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह से जल गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## युवती का लैपटाप चुराया

**इंदौर।** तिलकनगर थान अंतर्गत होस्टल में रहने वाली 21 वर्षीय प्रियंका पिता मोहनलाल जोशी ने पुलिस को बताया कि उसकी कक्षा से अज्ञात व्यक्ति लैपटाप चुरा कर ले गया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

# एमपी की पहली मेडिसिटी बनेगा उज्जैन, सीएम ने रखी आधारशिला

## एक शहर में मिलेगा हर चिकित्सा पद्धति का इलाज; अयोध्या भेजे महाकाल के लड्डू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)। उज्जैन में गुरुवार को 592.3 करोड़ रुपए से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां प्रदेश की पहली मेडिसिटी की आधारशिला भी रखी।**

भूमि पूजन कार्यक्रम में सीएम ने कहा, ह्ययह हमारा एकमात्र ऐसा प्रोजेक्ट है, जहां 13 मंजिल की हाईराइज बिल्डिंग्स बनेंगी। फैकल्टी का रेसिडेंशियल कैम्पस भी यहीं होगा। कोई भी चिकित्सा क्षेत्र की सर्जरी, बीमारी का इलाज यहीं होगा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है।ह्नउमेश नाथ महाराज ने भूमि पूजन कराया। सामाजिक न्याय परिसर में हुए भूमि पूजन में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरौजिया भी शामिल हुए। मेडिकल कॉलेज तीन साल में बनकर तैयार हो जाएगा।



**अयोध्या भेजी महाकाल की लड्डू प्रसादी-** इससे पहले सीएम ने अयोध्या के लिए महाकाल मंदिर की लड्डू प्रसादी से भरे रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा, ह्यधार्मिक आयोजन हो, हम कैसे पीछे रहें, महाकाल के प्रांगण से 1 लाख 11 हजार 111 लड्डू पहुंचाए जा रहे हैं।ह्न जनकपुर, नेपाल में आयोजित श्री राम-सीता विवाह उत्सव में आने वाले भक्तों को यह प्रसाद बांटा जाएगा। इससे पहले 22 जनवरी 2024 को भी अयोध्या में श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डू पहुंचाए गए थे।

**एमपी में अब 30 मेडिकल कॉलेज-**सीएम ने कहा, ह्य55 साल पहले प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। अब 17 चल रहे हैं। 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी हैं। इस हिसाब से 30 मेडिकल कॉलेज एमपी में हैं। पीपीपी मोड पर 12 मेडिकल कॉलेज और बन रहे हैं। 8 सरकारी मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। 5 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज भी जल्द शुरू होंगे।

### सीएम बोले- हर बीमारी का इलाज यहीं होगा

मेडिसिटी के भूमि पूजन कार्यक्रम में सीएम ने कहा, ह्ययह एकमात्र हमारा ऐसा प्रोजेक्ट्स है, जहां 13 मंजिल की हाईराइज बिल्डिंग्स बनेंगी। कम से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। फैकल्टी का रेसिडेंशियल कैम्पस भी यहीं होगा। कोई भी चिकित्सा क्षेत्र की सर्जरी, बीमारी का इलाज यहीं होगा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है।

# दोस्त ने फूफा-भतीजे का चेहरा गोदा, आंखें भी निकालीं थी

### मंदिर विवाद में की हत्या; कोर्ट ने हत्याकांड में 13 को सुनाई उम्रकैद की सजा

**खंडवा, (एजेंसी)। 7 फरवरी 2023 को खंडवा के ताल्याधड़ के जंगल में हनुमान मंदिर पर लंगोट चढ़ाने जा रहे फूफा तुलसीराम और भतीजे बद्रीलाल यादव पर 13 लोगों ने घात लगाकर हमला कर दिया था। उनके दम तोड़ने तक बल्लम और फरसे से चेहरे को गोदते रहे, फिर पत्थर से कुचल दिया। चेहरा गोदते समय फूफा-भतीजे की आंखें बाहर निकल आई थीं।**

इस दोहरे हत्याकांड में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुष्पद पाठक की कोर्ट ने 18 नवंबर को 85 पेज का फैसला सुनाया है। इसमें पंजाब के केस का हवाला देते हुए कहा, ह्यआरोपियों के कृत्य के कारण यह हत्याकांड हुआ है, ऐसे में आरोपीगण को कम दंड से दंडित किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। इसलिए आरोपीगण पर धारा 341, 148, 302, 149 (दो शीर्ष) धाराओं में आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड लगाया जाता है। फैसले को लेकर मृतकों के परिवार वाले ने संतोष जताया है। उन्होंने कहा- अब जाकर न्याय मिला।

### मंदिर निर्माण के ठेके को लेकर दो दोस्त बने दुश्मन

मामला 7 फरवरी 2023 को खालवा थाना क्षेत्र के नामापुर गांव का है। गांव में ही रहने वाले बद्री यादव (40) और तुलसीराम यादव (55) बाइक से तालाधड़ जंगल के हनुमान मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान जंगल की पुलिया के पास घात लगाकर बैठे 13 लोगों ने उन पर कुल्हाड़ी, फरसा और बल्लम से हमला कर हत्या कर दी।

वारदात से आक्रोशित मृतकों के परिजन धरने पर बैठ गए और पुलिस को शव नहीं उठाने दिए। पुलिस के आश्वासन के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। पुलिस की ही मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

जांच में सामने आया कि दोहरे हत्याकांड को बद्री के पुराने दोस्त और रिश्तेदार माखन यादव ने अंजाम दिया था। 2017 में मंदिर निर्माण के ठेके को लेकर बद्री और माखन के बीच विवाद हो गया था। दोनों के बीच फायरिंग तक हो गई थी। इसके बाद बद्री और माखन ने एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। 2021 में बद्री ने माखन को पीटा था, तब माखन की शिकायत पर बद्री को जेल भी जाना पड़ा था।

### 1 साल, 9 माह 11 दिन बाद फैसला; मृत्युदंड मांगा था

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे एडीपीओ अनिल सिंह चौहान के मुताबिक, आरोपियों की रंजिश बद्रीलाल से थी लेकिन उन्होंने तुलसीराम की भी हत्या कर दी। साक्ष्यों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 5 गवाह ऐसे थे, जिन्होंने वारदात को देखा था। अभियोजन की ओर से मृत्युदंड की मांग की गई थी। न्यायाधीश पुष्पक पाठक ने सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी है। घटना के 1 साल, 9 माह, 11 दिन बाद फैसला आया है।

# हिंदू राष्ट्र के नारे के साथ धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा

### हनुमान चालीसा पाठ हुआ, भगवा ध्वज के साथ बढ़ रहे, शास्त्री बोले-अब जात-पात खत्म करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छतरपुर, (एजेंसी)। **बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ह्यसनातन हिंदू एकताह्न पदयात्रा हिंदू राष्ट्र के नारे के साथ शुरू हो गई है। यात्रा की शुरूआत बागेश्वर धाम से गुरुवार सुबह 11.15 बजे हुई। धीरेंद्र शास्त्री ने पदयात्रा में शामिल हुए लोगों को अभिवादन किया।इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज, भगवा ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।**

ये पदयात्रा पहले दिन ग्राम गढ़ा तिराहा से होते हुए लगभग 20 किमी दूर ग्राम कदारी तक पहुंचेगी। इस दौरान बुंदेली कलाकार लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। 9 दिनों में यात्रा बागेश्वर धाम से रामराजा मंदिर ओरछा तक करीब 160 किमी का सफर तय करेगी। यात्रा में कुल 8 पड़ाव होंगे। यात्रा में देश के कई संतों के साथ ही कला क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां भी शामिल हैं।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के साथ मंत्री-विधायक भी हुए शामिल-** हिंदू एकता पदयात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल हुए। उनके साथ मंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी भी मौजूद हैं।



**चाय-नाश्ते के लिए एक रथ भी चल रहा साथ-** पदयात्रा में शामिल लोगों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था के लिए एक रथ भी चल रहा है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी यात्रा में होंगे शामिल-** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा खजुराहो एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं। वे भी पंडित धीरेंद्र शास्त्री के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे।

**पदयात्रा में वाल्मीकि समाज के लोग हुए शामिल-** पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा में वाल्मीकि समाज के लोग भी शामिल हुए।

**कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह भी पदयात्रा में हुए शामिल-** राघौगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह भी बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की पद यात्रा में शामिल हुए।

**देश के कई संत-कथावाचक पदयात्रा में शामिल-** बागेश्वर धाम के संत सम्मेलन प्रभारी रोहित रिछारिया ने बताया कि यात्रा की शुरूआत जगद्गुरु तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज करने वाले थे, लेकिन अचानक तबीयत खराब होने से वे नहीं आ सके। यात्रा में जाने-माने संत गोपाल मणि, कथा व्यास संजीव कृष्ण ठाकुर, इंद्रेश उपाध्याय, हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास महाराज और सुदामा कुटी वृंदावन के महंत शामिल है।

यात्रा में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज, जगद्गुरु राघवाचार्य, कथा व्यास अनिरुद्धाचार्य, कृष्ण चन्द्र ठाकुर, मृदुल कांत, मनोज मोहन, तुलसीवन से कौशिक जी महाराज, ऋषिकेश से चिदानंद मुनि जी, गोरेलाल कुंज से किशोर दास जी महाराज, भिंड से दंदरौआ सरकार, महाराष्ट्र से गोविंद देव गिरि, वृंदावन से पुंडरीक गोस्वामी, तुलसी पीठाधीश्वर के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास, सतुआ बाबा प्रयागराज, दीनबंधु दास, वल्लभाचार्य जैसे संत भी मौजूद रहेंगे।

**मंदिरों-मस्जिदों में भी राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए-** धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों से कहा- शालीनता के साथ पदयात्रा में चलें। एक-दूसरे का ख्याल रखें। जब तक सभी सनातनियों को एक माला में नहीं पिरोया जाएगा, तब तक उनकी कोशिश जारी रहेगी। अखंड भारत, हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए उन्होंने सभी सनातनी प्रेमियों का सहयोग मांगा। शास्त्री ने कहा कि मंदिरों और मस्जिदों में भी राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए। यह पता चल सके कि इस मातृभूमि से किसे प्रेम है और कौन नफरत करता है।

# रतलाम में मां पर बच्चों को पानी की टंकी में डुबाने का शक

### कब्र से पुलिस ने निकाले जुड़वा भाई-बहन के शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेंसी)।** चार माह के जुड़वा भाई-बहन की पानी की टंकी में डूबने से मौत होने का कारण दूसरे दिन भी सामने नहीं आया है। मां पर बच्चों को डुबाने की शंका को लेकर पुलिस जांच कर रही है। परिजन ने बगैर पोस्टमार्टम कराए और पुलिस को सूचना दिए बिना दोनों के शव मिल्लत नगर के पास स्थित नूरानी कब्रिस्तान में दफना दिए थे। पुलिस ने बच्चों के गुरुवार दोपहर कब्रों से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाए। उल्लेखनीय है कि माणकचौक थाना क्षेत्र की वेदव्यास कालोनी क्रमांक-4 (मदीना कॉलोनी) में किराए के मकान में ऊपरी मंजिल लहसुन मंडी में मजदूरी करने वाले आमिर कुरैशी परिवार के साथ रहता है। उसके चार माह की बेटे-बेटी फातिमा व हसन की बुधवार दोपहर करीब दो बजे पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई थी। परिवार बच्चों को अस्पताल नहीं ले गया और पुलिस को सूचना भी नहीं दी गई। बच्चों के शवों को आमिर शेरानीपुरी कुरैशी मंडी में रह रहे पिता हुसैन कुरैशी के घर ले गया था। वहां से दोनों के शव नूरानी कब्रिस्तान ले जाकर दफना दिए थे। शाम को पुलिस को सूचना मिली कि दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हुई है। उन्हें पुलिस को सूचना दिए बगैर दफना दिया है। बच्चों को उनकी मां ने ही टंकी में डूबाया है। इस पर पुलिस ने आमिर कुरैशी के घर जाकर देखा और आसपास के लोगों व आमिर से पूछताछ की। बच्चों की मौत का मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने गुरवार को एसडीएम को रिपोर्ट देकर मृतक बच्चों के शवों की पोस्टमार्टम की जांच के लिए कब्रिस्तान में से निकालने की अनुमति दी जाए। एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 196 की उपधारा (4) के तहत बच्चों के शव कब्रों से निकालने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी (तहसीलदार) ऋषभ ठाकुर को नियुक्त किया। दोपहर करीब एक बजे एसपी राकेश खाखा, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, एफएसएल अधिकारी डॉ अतुल मित्तल, माणकचौक थाना प्रभारी सुरेंद्रसिंह गड़रिया व अन्य अधिकारी कब्रिस्तान पहुंचे।

## संपादकीय

### भारत-चीन के बीच भरोसे की कूटनीति, रूस ने दोनों देशों में कराई मध्यस्थता

सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चल रही कवायद के जरिए भारत-चीन संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। दोनों देश लगभग पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक जल्द बुलाने वाले हैं। साथ ही, दोनों देशों में सीधी उड़ान बहाल करने और मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने को लेकर सहमति बन रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है और अब भरोसा बहाल करने के आगे के कदम उठाए जा रहे हैं। सीमा विवाद के अलावा दोनों देशों के बीच जो मुद्दे अरसे से लंबित रहे हैं- मसलन, सीमावर्ती नदियों के आंकड़े साझा करने समेत आपसी सहयोग बढ़ाने के तमाम विषयों पर बातचीत शुरू की गई है और प्रगति संतोषजनक है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत से उसके मजबूत रिश्ते अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के कारण यह समीकरण कारगर नहीं हो पा रहा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से रूस ने पहल की और भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर होनी शुरू हुई। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की प्रतिक्रिया का भारत के कूटनीतिज्ञ विश्लेषण कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह खफा है। अभी अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं। हालांकि, भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए भी भरोसेमंद साझीदार बन रहा है। इस कारण कोई भी ताकत भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रही। चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीधी उड़ान सेवाओं से विद्यार्थियों और पेशेवरों को राहत मिलेगी। हालांकि, सवाल अभी भी है कि चीन अपने ताजा रुख पर कब तक कायम रह पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों से तौबा नहीं करता, उसके किसी भी कदम पर बहुत भरोसा करना ठीक नहीं। यह समझना होगा कि भारत और चीन सिर्फ पड़ोसी ही नहीं हैं, वे दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भी हैं। वे एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। दोनों पक्षों ने अतीत में दिखाया है कि मजबूत आर्थिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क में सीमा विवाद बाधा नहीं बनते। अतीत में व्यापार संबंध जबरदस्त ऊंचाई पर रहे, लेकिन निवेश, यात्रा और वीजा सहित कई क्षेत्रों में संबंध टूट गए। उनकी बहाली की कवायद स्वागतयोग्य है। संबंधों में भरोसा बहाल हो और यह स्थायी हो, तभी बात बनेगी।

## महिला जगत

ध्यान दें

# हर लड़की के मोबाइल में जरूर होना चाहिए ये एक एप, मुसीबत में बन सकता है रक्षक

महिलाओं की सुरक्षा के लिए वैसे तो कई तरह के एप हैं जिनका वे इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में एक एप है जो लड़कियों के लिए बेहद मददगार हो सकता है। आप इस एप के बारे में यहां जान सकते हैं।




भले ही हम कितने ही सुरक्षित समाज की कल्पना करते हैं, लेकिन आज भी लगभग हर दिन देश के किसी न किसी कोने से महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ या दरिंदगी के मामले सामने आते हैं। कई मामले तो ऐसे होते हैं जो हर किसी को झकझोर कर रख देते हैं। इसलिए ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई तरह के एप भी बनाए गए हैं जिनमें सरकारी और प्राइवेट कई एप शामिल हैं। इसलिए अगर आप भी एक लड़की हैं या आपके परिवार में कोई लड़की है तो आप उसके मोबाइल में इस एप को इंस्टॉल कर सकते हैं, जिसके बारे में आप अगली स्लाइड्स में जान सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इस एप के बारे में...

### ये है वो एप

महिलाओं के लिए एक एप है '112 इंडिया एप' जो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से महिला सुरक्षा के लिए बनाया गया। आप अगर एंड्रॉयड यूजर हैं या फिर आप आईओएस यूजर हैं, दोनों ही इस एप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर सकते हैं।

### कैसे कर सकते हैं इस्तेमाल?

#### स्टेप 1

- आपको सबसे पहले अपने मोबाइल फोन में इस 112 इंडिया मोबाइल एप को इंस्टॉल कर लेना है
- फिर एप को खोलें और अपनी जानकारी यहां भर दें जिसमें आपको अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर भरना है
- Women Safety App: 112 mobile app for women check here all details

#### स्टेप 2

- इसके बाद आपको किसी भी तरह की मुसीबत में इमरजेंसी मदद पाने के लिए एप पर कॉल बटन पर क्लिक करना होता है।
- फिर एप पर आपको अपनी इमरजेंसी की स्थिति के बारे में जानकारी देनी होती है।
- ऐसे में एप आपकी जानकारी एप की संबंधित इमरजेंसी सेवाओं को सूचित करेगा।
- फिर इमरजेंसी सेवाएं आपकी लोकेशन पर पुहंच जाती हैं और आपकी मदद करती हैं।

#### ये भी जानें :-

- ये एप हिंदी और अंग्रेजी जैसी 10 भाषाओं में उपलब्ध है।
- साथ ही आप इस एप के जरिए पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी अन्य इमरजेंसी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।



Maharashtra

# महाराष्ट्र CM के लिए एकनाथ शिंदे पहली पसंद, फडणवीस को सर्वे में झटका, अजित पवार चाचा से भी पिछड़े

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने कड़ी फाइट का अनुमान जताया है। इनमें से कई एग्जिट पोल्स का कहना है कि भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को जीत मिलेगी तो तीन एग्जिट पोल्स ने महाविकास अघाड़ी को बढ़त दिलाई है। इस बीच माय एक्सिस इंडिया का भी एग्जिट पोल आया है, जिसमें सीएम की पसंद के बारे में भी बताया गया है। सर्वे के अनुसार जनता ने सीएम के तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को ही अपनी पहली पसंद बताया है। सर्वे में कहा गया है कि 31 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे को सीएम देखना चाहते हैं।

दूसरे नंबर पर लोगों ने उद्धव ठाकरे को रखा है। उन्हें



18 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपना पसंदीदा चेहरा बताया। यह देवेंद्र फडणवीस के लिए झटके की तरह है, जो फिलहाल डिप्टी सीएम हैं और भाजपा के नंबर वन पार्टी बनने की स्थिति में उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर देखा जा रहा है। देवेंद्र फडणवीस को 12 फीसदी लोगों ने ही सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया है। इसके बाद चौथे नंबर पर शरद पवार हैं और 5वें स्थान पर बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर हैं। उन्हें 3 फीसदी लोगों ने अपनी पसंद बताया है।

इस रेटिंग में अजित पवार काफी नीचे आए हैं, जो कई बार कह चुके हैं कि वह राज्य के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। वह संयुक्त रूप से छठे नंबर पर हैं। उनके साथ ही नितिन गडकरी और नाना पटोले को भी 2 फीसदी लोगों ने सीएम के तौर पर अपनी पसंद बताया है।

New Delhi

## वक्फ बिल समेत ये 16 विधेयक इस संसद सत्र में लाने की तैयारी में है सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर, सोमवार से शुरू हो रहा है। इसी साल हुए आम चुनाव में नई सरकार के गठन के बाद इस पहले शीतकालीन सत्र में सरकार कुछ पेंडिंग विधेयक पारित कराने की तैयारी में है तो वहीं कुछ नए विधेयकों भी कार्यसूची में हैं। शीतकालीन सत्र के लिए जो कार्यसूची सामने आई है, उसमें नए-पुराने कुल 16 विधेयकों के नाम हैं।

इस लिस्ट में सबसे चर्चित विधेयक हैं वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024. यह विधेयक संसद के मॉनसून सत्र के दौरान ही लोकसभा में पेश किए गए थे। विपक्षी दलों के विरोध और हंगामे के बीच अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक लोकसभा में पेश किया था।

संसद में पेश होते ही इन विधेयकों को बगैर किसी चर्चा के संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया था। जेपीसी की अगुवाई भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ सांसद जगदंबिका पाल कर रहे हैं। जेपीसी गठन के साथ ही यह तय हो गया था कि वह अपनी रिपोर्ट अगले सत्र के पहले हफ्ते के अंतिम दिन संसद में पेश करेगी। इस हिसाब से देखें तो जेपीसी अपनी रिपोर्ट 29 नवंबर को पेश करेगी।

जेपीसी की अगुवाई कर रहे जगदंबिका पाल ने कहा भी है कि हमारी रिपोर्ट तैयार है. हालांकि, विपक्षी दलों के सांसद जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे हैं. वक्फ संशोधन विधेयक के साथ ही मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक भी जेपीसी को भेजा गया था. यह बिल भी जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश होने के बाद चर्चा और पारित कराए जाने के लिए वापस लाया जाएगा.

संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कार्यसूची में जो 16 विधेयक शामिल हैं, उनमें पांच नए विधेयक हैं.

Chhattisgarh

## सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 10 नक्सली ढेर

### मिला हथियारों का जखीरा

**सुकमा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे जाने की जानकारी मिली है। सुरक्षाबलों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक, जवानों को सुचना मिली थी कि कई नक्सली ओडीशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। डीआरजी की टीम नक्सलियों की घेराबंदी करने निकली थी। मुठभेड़ 22 नवंबर को सुबह के समय हुई है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सुकमा में DRG के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। INSAS, AK-47, SLR और कई अन्य हथियार बरामद हुए। सर्च ऑपरेशन जारी है। बता दें कि इससे पहले दक्षिण बस्तर, गरियाबंद और कांकेर में भी सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

New Delhi

## आम आदमी पार्टी के नेता जनता के साथ करेंगे 'रेवड़ी पर चर्चा'

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) नया अभियान शुरू करने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को 'रेवड़ी पर चर्चा' कैंपेन को लॉन्च करने जा रहे हैं। पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता जनता के साथ 'रेवड़ी पर चर्चा' करेंगे।

दरअसल आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से चलाई जा रही मुफ्त वाली स्कीमों को भारतीय जनता पार्टी ने 'रेवड़ी कल्चर' कहकर हमला किया था। केजरीवाल अब इसे अपने लिए हथियार बना चुके हैं। वह जोरशोर से अपनी जनसभाओं में कहते हैं कि वह दिल्ली में जनता को मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, महिलाओं को मुफ्त बस सफर जैसी 6 रेवड़ी दे रहे हैं।

हाल के दिनों में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को यह भी कहा है कि यदि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को जितवा दिया तो मुफ्त वाली योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में नए कैंपेन के तहत एक तरफ जहां केजरीवाल जनता के बीच यह गिनवाएंगे कि उनकी सरकार क्या-क्या मुफ्त दे रही है तो दूसरी तरफ उन्हें यह भी बताया जाएगा कि भाजपा इनका विरोध करती है और सरकार में आई तो इन स्कीमों को बंद कर देगी। हालांकि, पिछले दिनों भाजपा ने कहा कि यदि दिल्ली में उसकी सरकार बनती है तो केजरीवाल सरकार की किसी योजना को बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि और भी नई स्कीमें लागू की जाएंगी।

खेल

# पिता के नक्शे कदम पर चल रहे वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर, छोटी उम्र में ठोका दोहरा शतक

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की तरह उनके बेटे आर्यवीर भी अब अपने पिता की राह पर निकल पड़े हैं। वह वीरू की तरह तेजी से रन बनाना पसंद करते हैं। इसका मुजायरा उन्होंने गुरुवार को मेघालय के खिलाफ मैच में पेश किया। दिल्ली के लिए खेलते हुए इस युवा बल्लेबाज ने दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने 229 गेंदों पर 200 रन की पारी खेली। इस दौरान आर्यवीर ने 34 चौके और दो छक्के लगाए।**

### दिल्ली का दमदार जवाब

कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले में मेघालय के खिलाफ आर्यवीर का बल्ला जमकर गरजा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय ने पहली पारी में मेघालय की टीम 260 रन पर



ऑलआउट हो गई। दिल्ली के लिए उधव मोहन ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। जवाब में 16 वर्षीय आर्यवीर की बदौलत दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 468 रन बनाए और 208 रन की बढ़त हासिल की। उनके अलावा टीम के अन्य सलामी बल्लेबाज अर्नव एस बग्गा ने भी शतक जड़ा। पहले विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 180 रनों की साझेदारी हुई। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आर्यवीर 200* और धान्या नाकरा 98* रन बनाकर नाबाद रहे।

### पहले भी कर चुके ऐसा कारनामा

आर्यवीर सहवाग ने अक्तूबर में वीनू मांकड़ ट्रॉफी में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने मणिपुर के खिलाफ 49 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को छह विकेट से जीत दिलाने का कारनामा किया था।

सहवाग ने पिछले साल खुलासा किया था कि उनके बेटे आर्यवीर पहले से ही आईपीएल अनुबंध हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स पर दिग्गज क्रिकेटर ने कहा था कि, 'मेरा बेटा 15 साल का है और आईपीएल में खेलने का मौका पाने के लिए पहले से ही कड़ी मेहनत कर रहा है। आईपीएल ने युवा प्रतिभाओं को सबसे अधिक लाभ पहुंचाया है। पहले रणजी ट्रॉफी के प्रदर्शन से किसी का ध्यान नहीं जाता था और इसलिए वे भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाते थे। लेकिन अब यदि आप आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपनी प्रतिभा दिखाते हैं, तो आपको तुरंत भारतीय टीम के लिए खेलने का अवसर मिलता है।

आईपीएल की वजह से देश के छोटे राज्यों के बहुत से बच्चे क्रिकेट को गंभीरता से लेने लगे हैं और आईपीएल में भाग लेने और इसके लिए कड़ी मेहनत करने की पूरी कोशिश करते हैं।

सिनेमा

## बैक-टू-बैक फिल्में नहीं करना चाहतीं श्रद्धा कपूर, बोलीं- टूट गई थी जब लगातार हुई रिप्लेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की बड़ी फैन फॉलोइंग है. उनके चाहने वाले उन्हें स्क्रीन पर देखना पसंद करते हैं, लेकिन एक्ट्रेस हैं कि फिलहाल कोई फिल्म साइन नहीं करना चाह रही हैं. श्रद्धा ने बताया कि वो काम करने की किसी जल्दबाजी में नहीं है. वो अपने मन के मुताबिक काम करना चाहती हैं. श्रद्धा की आखिरी रिलीज फिल्म स्त्री 2 थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के झंडे गाड़ दिए थे. वहीं पिछले कुछ सालों में उन्होंने कुछ ही फिल्मों में काम किया है और उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में फिलहाल तक तो कोई अपडेट नहीं आया है. इस बारे में बात करते हुए, श्रद्धा ने खुलासा किया कि उन्हें बैक-टू-बैक फिल्में साइन करने की कोई जल्दी नहीं है. एक्ट्रेस अपन इंट्यूशन पर भरोसा करती हैं, वो वही करती हैं जो दिल कहता है. श्रद्धा ने कहा- मैं वही करती हूं जो मैं करना चाहती हूं. मुझे लगातार फिल्में साइन करने की जल्दी नहीं है. अपने दिल की सुनना ही मुझे जमीन पर रहना सिखाता है. इसी के साथ उन्होंने अपने एक्टिंग करियर के शुरुआती दिनों को भी याद किया और बताया कि उनका सफर आसान नहीं रहा है, और एक्ट्रेस का मानना है कि असफलता सफलता की ओर एक कड़ा कदम है.

## Highlights

1. Maharashtra's 65.1% voter turnout is highest in a decade
2. Amazon employee collapses on stage at friend's wedding, dies in Andhra Pradesh
3. Democracy in our DNA, never moved with expansionist vision: PM
4. Congress govt failed in Himachal: Thakur on Himachal Bhawan order
5. Paper clipping claiming Uddhav apologised for 1992 riots is fake

# Gautam Adani indicted: White House reacts, 'confident' in navigating crisis

**NEW DEIHI, (Agency).** The White House said it is aware of the allegations against Indian billionaire Gautam Adani, chairman of Adani Group, who was indicted in New York over his role in an alleged multibillion-dollar bribery and fraud scheme.

US prosecutors said Gautam Adani and seven other defendants, including his nephew Sagar Adani, agreed to pay about $265 million in bribes to Indian government officials to obtain contracts expected to yield $2 billion of profit over 20 years, and develop India's largest solar power plant project.

Adani Group denied the allegations as "baseless", while Indian government officials haven't commented so far.

During a media briefing on Thursday, White House press secretary Karine Jean-Pierre told reporters that the administration is aware of the charges against Adani.



Asserting that the relationship between India and the US is built on a strong foundation, the White House spokesperson has expressed confidence that the US can navigate the ongoing crisis surrounding bribery charges against Gautam Adani.

"Obviously, we're aware of these allegations, and I would have to refer you to the SEC (Securities and Exchange Commission) and DOJ (Department of Justice) about the specifics of those allegations against the Adani Group," Karine Jean-Pierre said.

"What I will say is on the US and India relationship, we believe that it stands on an extremely strong foundation anchored in ties between our people and cooperation across a full range of global issues," Jean-Pierre added.

Advocating strong India-US ties, the White House press secretary said, "What we believe and we are confident about is that we'll continue to navigate this issue as we have with other issues that may have come up as you just stated. And so the specifics of this, this is something that the SEC and DOJ can speak to directly, but again, we believe that…this relationship between the two nations has been built on a strong foundation."

# Strong US dollar, domestic sell-off push rupee to all time low of 84.50

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian rupee depreciated eight paise on Thursday to settle at an all-time low of 84.50 against the US dollar. The currency was dragged down by a massive sell-off in domestic equity markets and rising crude oil prices amid geopolitical uncertainity. At the exchanges, the rupee opened at 84.41 and touched its lowest-



ever level of 84.51 against the US dollar during the intraday. The session ended at 84.50 against the dollar, surpassing its all-time low of 84.46 on November 14, news agency PTI reported.

Forex traders said the US dollar strengthened as global investors continue to buy the currency in search of a safe haven amid escalating tension between Russia and Ukraine. The continuous outflow of foreign funds also added to the woes of the Indian rupee.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक